समाचार

# लाकडाउन का फायदा उठाकर किया जा रहा था अतिक्रमण, निगम अमले ने तोड़ा

## (पूर्व में तोड़े गए अतिक्रमण पर पुनः अतिक्रमण का प्रयास)



कोरबा 15 अप्रैल 2021 –लाकडाउन का फायदा उठाकर एक व्यक्ति द्वारा रात्रि के समय पूर्व में तोड़े गए अतिक्रमण के स्थान पर पुनः नवनिर्माण कर अतिक्रमण किया जा रहा था, जिसकी जानकारी प्राप्त होते ही निगम अमले ने मौके पर पहुंचकर उक्त अतिक्रमण को तोड़ दिया तथा कड़ी हिदायत दी कि यदि अतिक्रमण का कार्य किया जाता है तो सख्त कार्यवाही की जाएगी।

कोरोना संकट के इस दौर में भी अतिक्रमणकारी बेजा कब्जा व अतिक्रमण करने से बाज नहीं आ रहे हैं तथा उनके द्वारा अतिक्रमण की कोशिशे की जा रही है किन्तु निगम का अमला इस दिशा में सजग है तथा वह अतिक्रमण पर निरंतर नजर रखते हुए जहां कहीं भी अतिक्रमण की जानकारी मिलती है, तुरंत अतिक्रमण हटाने का कार्य कर रहा है। नगर पालिक निगम कोरबा के कोरबा जोनांतर्गत वार्ड क्र. 11 महावीर मोहल्ला में स्थित बड़ा नाला के किनारे पूर्व में भी अतिक्रमण किया गया था, जिसे निगम अमले द्वारा तोड़ दिया गया था। लाकडाउन का फायदा उठाकर उक्त तोड़े गए अतिक्रमण के स्थान पर पुनः दीवाल खड़ी कर अतिक्रमण किया जा रहा था, जानकारी मिलते ही निगम के अतिक्रमण दस्ते ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण को हटाया।

**अतिक्रमण पर कड़ी कार्यवाही करें**–आयुक्त श्री एस.जयवर्धन ने निगम के अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा है कि लाकडाउन का फायदा उठाकर जिन व्यक्तियों द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है, उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही करें तथा अतिक्रमण हटाने के साथ ही एफ.आई.आर. भी दर्ज कराएं।